**कार्यालय महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,उत्तर प्रदेश, छठा तल जवाहर भवन, लखनऊ**

संख्या–एम0ई0–3/2016/ 3020 लखनऊ:दिनांकः **23 अक्टूबर, 2016**

# CPAT 2016 के माध्यम से चयनित छात्रों की बी0ए0एम0एस0, बी0एच0एम0एस0 तथा बी0यू0एम0एस0 पाठ्यक्रम की सीटों हेतु प्रथम काउसिलिंग की समय सारणी

## (उत्तर प्रदेश के राजकीय एवं निजी क्षेत्र के आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं यूनानी कालेजों की सीटों हेतु )

काउंसिलिंग स्थल का नाम

**1- Tele Medicine Center, S.G.P.G.I., Raibareily Road, Lucknow.** **Tel- 0522- 2495235**

| क.सं. | आमंत्रित अभ्यर्थी CPAT 2016 की रैंक | पंजीकरण तिथि | काउंसिलिंग की तिथि | अर्हता संबंधी विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **CPAT 2016** के अन्तर्गत यू0पी0 सीपीएटी रैंक 01 से 600 के अन्तर्गत आने वाले :– Gen, OBC, SC, ST, PH, EA, FF, NCC, GL & Open श्रेणी के अर्ह अभ्यर्थी | 25.10..2016 (दिन मंगलवार) **(समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 05..00 बजे तक)** | 26.10..2016 (दिन बुधवार) पूर्वाह्न 10.00 बजे से | अनारक्षित (सामान्य) श्रेणी के अभ्यर्थियों को अर्हता परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी में औसत 50 प्रतिशत तथा अ.पि.वर्ग, अनुसूचित जाति तथा अनु.जन.जाति के अभ्यर्थियों को 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। *बी.यू.एम.एस. में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को हाईस्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा में उर्दू विषय मे उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 2 | **CPAT 2016** के अन्तर्गत यू0पी0 सीपीएटी रैंक 601 से 3000 के अन्तर्गत आने वाले :– Gen, OBC, SC, ST, PH, EA, FF, NCC, GL & Open श्रेणी के अर्ह अभ्यर्थी | 26..10.2016 ( दिन बुधवार ) **(समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 05..00 बजे तक)** | 27.10.2016 (दिन गुरूवार) प्रातः 10 बजे से | |
| 3 | **CPAT 2016** के अन्तर्गत यू0पी0 सीपीएटी रैंक 3001 से आगे के सभी इच्छुक अभ्यर्थी जिन्होंनें सी0पी0ए0टी0 –2016 की परीक्षा में भाग लिया हो। Gen, OBC, SC, ST, PH, EA, FF, NCC, GL & Open श्रेणी के अर्ह अभ्यर्थी | 27.10.2016 (दिन गुरूवार) **(समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 05..00 बजे तक)** | 28.10.2016 (दिन शुकवार) प्रातः 10 बजे से यदि दिनांक 28.10.2016 को काउंसिलिंग पूर्ण नहीं होती है तो शेष काउंसिलिंग दिनांक 29.10.2016 को प्रातः 10.00 बजे से प्रारम्भ होगी। | |

( **Gen** -सामान्य (अनारक्षित) **OBC**-अन्य पिछडा वर्ग **SC**-अनुसूचित जाति **ST**- अनुसूचित जनजाति **FF**-स्वंतन्त्रता संग्राम सेनानी **EA**- भूतपूर्व सैनिक के आश्रित **PH**-विकलांग, **NCC**–एन0सी0सी0, **GL**–महिला, **OP**–ओपेन श्रेणी )

नोटः– 1– **आमंत्रित अभ्यर्थी अपनी रैंक के अनुसार काउंसिलिंग केन्द्र एस.जी.पी.जी.आई लखनऊ में पंजीकरण हेतु नियत तिथि पर उपस्थित होकर अपने प्रमाण पत्रों की जॉच करवाकर, काउंसिलिंग फीस जमा कर रजिस्ट्रेशन पर्ची प्राप्त करेगें तथ निश्चित समय पर काउंसिलिंग हेतु काउंसिलिंग बोर्ड के समक्ष उपस्थित होगें।**

### अभ्यर्थियों हेतु सामान्य निर्देश

1– काउसिंलिग बोर्ड का निर्णय प्रत्येक प्रकरण में अंतिम व मान्य होगा।

2– राजकीय महाविद्यालयों में श्रेणी विशेष की निर्धारित सीटें समाप्त होने पर उस श्रेणी की काउसिंलिग समाप्त कर दी जायेगी।

3– निजी क्षेत्र के महाविद्यालयों में समस्त सीटें ओपन (अनारक्षित) श्रेणी की होगी।

**4– काउंसिलिंग निर्धारित तिथियों में सम्पन्न होगीं परन्तु विशेष परिस्थितियों में अगले दिन भी जारी रह सकती है। शेष अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग अगले दिन उसी मेरिट कम से प्रारम्भ की जायेगी, जहॉ पूर्व दिवस को समाप्त हुई थी। अतः अभ्यर्थी अपनी काउंसिलिंग तिथि से एक दिन का अतिरिक्त समय लेकर ठहरने की व्यवस्था के साथ उपस्थित हों।**

5– सी0पी0ए0टी0–2016 के प्रथम चक्र की काउंसिलिंग हेतु काउंसिलिंग पंजीकरण फीस 500/– रुपये (पॉच सौ रुपये मात्र) होगी, जो Non Refundable है।

6– सी0पी0ए0टी0–2016 की काउंसिलिंग हेतु राजकीय कालेजों हेतु धरोहर धनराशि रूपया–5,000/–(रूपये पांच हजार मात्र) एवं निजी क्षेत्र के कालेजों हेतु रूपया–20,000/–(रूपये बीस हजार मात्र) जमा किया जाना है, काउंसिलिंग पंजीकरण फीस (500/–) तथा यथोचित धरोहर धनराशि (रुपये 5,000/– अथवा 20.,000/–)किसी भी राष्ट्रीय कृत बैंक में डिमांड ड्राफ्ट के रुप में जमा होगी।जो "Director General Medical Education & Training, Lucknow" के नाम देय हो।

7– अभ्यर्थियों की सिक्योरिटी धनराशि रू0 5000/–(रूपए पॉच हजार मात्र) एवं रू0 20000/–(रूपए बीस हजार मात्र) की वापसी वर्ष 2016 की समस्त काउंसिलिंग प्रकिया सम्पन्न होने के पश्चात ऑनलाईन प्रकिया के माध्यम से उनके बैंक खातों में की जाएगी। जिसके लिए अलग से निर्देश जारी किये जायेगे।

8– काउसिंलिंग हेतु अलग से कोई सूचना (काल लेटर) प्रेषित नही की जायेगी। प्रकाशित सूचना तथा website www.updgme.in पर उपलब्ध सूचना के आधार पर काउसिंलिग हेतु उपस्थित होना होगा ।

9– काउसिंलिग के समय अर्हता सम्बन्धी सभी मूल प्रमाण पत्र (हाई स्कूल तथा इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र, यथावश्यक आरक्षित श्रेणी/उपश्रेणी प्रमाण पत्र तथा सामान्य/मूल निवास प्रमाण पत्र सहित) तथा उनकी एक–एक स्वप्रमाणित प्रतिलिपि एवं CPAT 2016 के आवेदन पत्र पर चस्पा की गयी फोटो की 02 प्रतियां, CPAT 2016 का प्रवेश पत्र मूल रूप में, CPAT 2016 की मार्कशीट की प्रति साथ लाना आवश्यक है। अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थी जाति प्रमाण पत्र जो दिनांक **31 मार्च 2016** के बाद का बना हो, तथा जिसमें कीमीलेयर में न होने का प्रमाण भी अंकित हो, तथा सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत हो, मूल रूप में लाना सुनिश्चित करें। **मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने पर काउंसिलिंग में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

10– इस काउंसिलिंग से आवंटित सभी छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया काउंसिलिंग स्थल पर ही सम्पन्न की जानी है। अतः अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वह प्रवेश हेतु निर्धारित शुल्क की व्यवस्था के साथ उपस्थित हो।

11– आयुर्वेद, यूनानी तथा होम्यापैथी कालेजों से सम्बन्धित विवरण

अन्य निर्देश तथा विवरण इस कार्यालय की बेवसाइट www.updgme.in पर उपलब्ध है।

**महानिदेशक**